पत्र सं0– वि॰ प्रा॰ (IV) योजना –09/2023–

**बिहार सरकार**

**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

सेवा में,

**महालेखाकार (ले0 एवं हक0), बिहार**
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना

/पटना, दिनांक –

**विषय :–** सात निश्चय कार्यक्रम के अधीन विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित राजकीय महिला पोलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर में 200(दो सौ) बेड बालिका छात्रावास (G+3) भवनों के निर्माण कार्य हेतु कुल रू० 1788.03 लाख (सत्रह करोड़ अठासी लाख तीन हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध के संबंध में।

**आदेशः– स्वीकृत।**

अभियंता प्रमुख –सह– अपर आयुक्त –सह– विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3389(भ)अनु०, दिनांक–09.04.2025 के माध्यम से उपलब्ध कराये गये मुख्य अभियंता(निरूपण), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रदत्त तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन के आधार पर दिनांक–23.05. 2025 को आयोजित विभागीय स्थायी वित्त समिति की बैठक में की गई अनुशंसा के आलोक में राजकीय महिला पोलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर में 200(दो सौ) बेड बालिका छात्रावास (G+3) भवनों के निर्माण कार्य हेतु कुल रू० 1788.03 लाख (सत्रह करोड़ अठासी लाख तीन हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति स्वीकृति प्रदान की है।

**2.** उक्त स्वीकृत राशि का व्यय, राज्य स्कीम मद के मांग संख्या–03 अन्तर्गत निम्नांकित बजटशीर्ष से किया जायेगा :–

(क) मुख्यशीर्ष–4202– शिक्षा, खेलकूद, कला और संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्यशीर्ष –02– तकनीकी शिक्षा, लघुशीर्ष –104– बहुशिल्प, उपशीर्ष –0108– पोलिटेकनिक भवन (निश्चय) के अधीन "53 01– मुख्य निर्माण कार्य" विषयशीर्ष में उपबंधित राशि में से कुल रू० 1484.07 लाख(चौदह करोड़ चौरासी लाख सात हजार रूपये) मात्र विकलनीय होगा। जिसका विपत्र कोड 03–4202021040108 है।

(ख) मुख्यशीर्ष–4202–शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय, उपमुख्यशीर्ष–02–तकनीकी शिक्षा, लघुशीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, उपशीर्ष–0103–पोलिटेकनिक/इंजीनियरिंग/तकनीकी महाविद्यालय के अधीन "53 01– मुख्य निर्माण कार्य" विषयशीर्ष में उपबंधित राशि से कुल रू० 286.08 लाख(दो करोड़ छियासी लाख आठ हजार रूपये) मात्र विकलनीय होगा। जिसका विपत्र कोड 03–4202027890103 है।

(ग) मुख्यशीर्ष–4202–शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति पर पूँजीगत्त परिव्यय, उपमुख्यशीर्ष–02–तकनीकी शिक्षा, लघुशीर्ष–796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना, उपशीर्ष–0103–पोलिटेकनिक / इंजीनियरिंग /तकनीकी महाविद्यालय के अधीन "53 01– मुख्य निर्माण कार्य" विषयशीर्ष में उपबंधित राशि से कुल रू० 17.88 लाख(सत्रह लाख अठासी हजार रूपये ) मात्र विकलनीय होगा। जिसका विपत्र कोड 03–4202027960103 है।

**3.** उक्त स्वीकृत राशि के विरूद्ध राशि विमुक्ति संबंधी व्यायादेश/आवंटनादेश, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा संबंधित कार्यपालक अभियंता को प्रदान किया जायेगा।

**4.** उक्त स्वीकृत राशि के विरूद्ध निर्गत आवंटन के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा विनिर्दिष्ट/प्राधिकृत पदाधिकारी होंगे।

**5.** उक्त स्वीकृत राशि के विरूद्ध निर्गत आवंटन की सीमा तक राशि की निकासी नियमानुसार जिला कोषागार, मुजफ्फरपुर से किया जायेगा।

6. विमुक्ति हेतु स्वीकृत राशि की निकासी विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन राशि तक सीमित रहेगा।

7. तकनीकी अनुमोदन के अनुरूप अक्षरशः कार्य कराने की संयुक्त जिम्मेदारी संस्थान के प्राचार्य एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता की होगी।

8. राशि की निकासी एवं व्यय बिहार वित्तीय (संशोधन) नियमावली, 2024 के अनुसार एवं वित्त विभाग द्वारा निर्गत विभिन्न परिपत्रों एवं अनुदेशों के आलोक में की जायेगी।

9. यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888 / वि०, दिनांक–03.12.2024 के आलोक में सक्षम स्वीकृति प्राधिकार के अनुमोदनोपरांत आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जाता है तथा आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका सं०– वि॰ प्रा॰ (IV) योजना –09 / 2023 के पृ०–150 / टि० पर प्राप्त है।

10. वित्त विभाग के पत्रांक–7355 वि (2), दिनांक–05.10.2007 के अनुसार इस योजनान्तर्गत राशि की निकासी के लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह० / –

**(अहमद महमुद)**

सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि॰ प्रा॰ (IV) योजना –09 / 2023– / पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग / वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि॰ प्रा॰ (IV) योजना –09 / 2023– / पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपिः– जिला कोषागार पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि॰ प्रा॰ (IV) योजना –09 / 2023– / पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपिः– सचिव / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि॰ प्रा॰ (IV) योजना –09 / 2023– / पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि॰ प्रा॰ (IV) योजना –09 / 2023– / पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपिः– प्राचार्य, राजकीय महिला पोलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर / कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि॰ प्रा॰ (IV) योजना –09/2023–** 4036 **/पटना, दिनांक–** 23.07.25

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी(एम०)/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (बजट)/आई॰टी॰ मैनेजर (E-mail एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु), विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/7/25

सरकार के अपर सचिव